# उत्कृष्टता और नवाचार की ओर अग्रसर



नालको NALCO

नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड

**एक नवरत्न कम्पनी**

# प्रस्तावना

भारत सरकार के खान मंत्रालय के अधीन नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड(नालको) एशिया कावृहत्तम एकीकृत एल्यूमिना-एल्यूमिनियम संकुल है। 1987 में इसके प्रथम व्यावसायिक प्रचालन के दिनों से लेकर इस कंपनी ने पिछले 32 वर्षों से लगातार लाभार्जन किया है। यह कंपनी, वुड मैकेंज़ी रिपोर्ट के अनुसार विश्व में एल्यूमिना और बॉक्साइट का निम्नतम लागत वाला उत्पादक है। यह कंपनी वर्ष 2017-18 में तीसरा उच्चतम विदेशी मुद्रा अर्जन करनेवाला केंद्रीय लोक उद्यम है। वर्तमान में भारत सरकार नालको की 52% इक्विटी धारण किए है ।

पूर्वी तट में आविष्कृत विशाल बॉक्साइट भंडार के एक अंश का उपयोग करने के लिए 1981 में नालको का निगमन फ्रांस की मेसर्स एल्यूमिनियम पेशिनी (अब रियो-टिंटो-अल्कान) के तकनीकी सहयोग से हुआ था। नालको ने देश को केवल एल्यूमिनियम में आत्मनिर्भर ही नहीं बनाया, बल्कि विश्व मानकों के अनुसार इस महत्वपूर्ण धातु के उत्पादन में एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी कौशल भी प्रदान किया।

नालको देश की पहली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, जिसने मई, 1989 में लंदन धातु बाजार (एलएमई) में पंजीकरण के साथ बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कारोबार शुरू किया। यह कंपनी 1992 से बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और 1999 से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध है। कम्पनी ने विविध प्रबंधन व्यवस्था हेतु आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, ओएचएसएएस 18000, एसए 8000 तथा आईएसओ 50001 अपनाया है।

**इसके प्रचालन एककों की क्षमता निम्नवत् है:**

| एकक | क्षमता | एकक | क्षमता |
|---|---|---|---|
| बॉक्साइट खान | 68,25,000 में.ट. | पवन विद्युत संयंत्र - I | 50.4 मेगावाट |
| एल्यूमिना परिशोधक | 22,75,000 में.ट. | पवन विद्युत संयंत्र - II | 47.6 मेगावाट |
| एल्यूमिनियम प्रद्रावक | 4,60,000 में.ट. | पवन विद्युत संयंत्र - III | 50.0 मेगावाट |
| ग्रहीत विद्युत संयंत्र | 1200 मेगावाट | पवन विद्युत संयंत्र - IV | 50.4 मेगावाट |
| | | छत पर सौर विद्युत प्रणाली | 310 कि.वा.पिक. |



## बॉक्साइट खान



एक संपूर्ण यांत्रिकीकृत विवृत खान, पंचपटमाली, कोरापुट जिला ओड़िशा में है, जो विश्व की एक सर्वाधिक परिष्कृत और पर्यावरण-अनुकूल खनन प्रचालन करनेवाली है। जिसकी विशेषताएँ हैं भू-सांख्यिकीय अनुप्रयोग और कम्प्यूटरीकृत खनन आयोजना। यह खान पर्वत के नीचे दामनजोड़ी में अवस्थित एल्यूमिना परिशोधक को कच्चे माल के भंडार का निवेश करती है। बॉक्साइट का परिवहन 1800 टन प्रति घंटे की क्षमता के एक 14.6 किलोमीटर लम्बे एकल-उड़ान, बहुवक्री कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से होता है।

## एल्यूमिना परिशोधक



नालको का ऊर्जा कुशल एल्यूमिना परिशोधक परीक्षित निम्न तापमान पर वातावरणीय दबाव पाचन की बेयर्स लिक्वर प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है। एल्यूमिना परिशोधक की वर्तमान क्षमता 21 लाख टन प्रति वर्ष की है। यहाँ से उत्पादित एल्यूमिना का उपयोग कंपनी के प्रद्रावक में प्राथमिक एल्यूमिनियम उत्पादन के लिए होता है। अनुगुल में अवस्थित कंपनी के प्रद्रावक संयंत्र की आंतरिक खपत को पूरा करने के बाद, शेष एल्यूमिना विशाखापत्तनम् बन्दरगाह के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में निर्यात होती है।

## प्रद्रावक संयंत्र



ओड़िशा के अनुगुल में अवस्थित, नालको का प्रद्रावक प्रद्रावण और प्रदूषण नियन्त्रण की प्रगत प्रौद्योगिकी पर आधारित है और 240 इलेक्ट्रोलाईटिक पॉट प्रकोष्ठ प्रत्येक वाली चार पॉटलाइनों को शामिल किए है, जो एल्यूमिनियम पिण्डों, शिलिकाओं, लट्ठे, पट्टियों एवं तार-छड़ें और चारखानेदार चद्दरों की ढलाई की सुविधाओं से एकीकृत है। प्रद्रावक एकक में एक 45,000 टन प्रतिवर्ष क्षमता का वेल्लित उत्पाद एकक (आरपीयू) है, जिसमें विविध अंतिम उपयोग के लिए चद्दरों (शीटों) और कुंडलियों के उत्पादन की सुविधाएँ हैं। इस एकक में प्रद्रावक से सीधे पिघली धातु के स्थानांतरण का लाभ उठाया जाता है।

## ग्रहीत विद्युत संयंत्र

प्रद्रावक के निकट, प्रद्रावक को विद्युत की सुदृढ़ आपूर्ति के लिए 1200 मेगावाट (क्षमता का ग्रहीत विद्युत संयंत्र संस्थापित किया गया है। इस संयंत्र की कोयले की मांग अधिकांशत: महानदी कोलफील्स लिमिटेड की एक समर्पित खान से पूरी की जाती है। अधिशेष विद्युत की बिक्री के लिए यह संयंत्र राज्य ग्रिड से भी जुड़ा हुआ है।



## पवन एवं सौर विद्युत

2012 में गण्डीकोटा, आन्ध्र प्रदेश में 50.4 मेगावाट के पवन विद्युत संयंत्र को चालू करने के साथ नालको ने पवन विद्युत के क्षेत्र में विविधीकरण किया। जैसलमेर, राजस्थान में 47.6 मेगावाट का द्वितीय पवन विद्युत संयंत्र 2014 में चालू हुआ। अपने अक्षय विद्युत संविभाग में आगे उत्थान के लिए जैसलमेर, राजस्थान में एक 50 मेगावाट का पवन विद्युत संयंत्र और सांगली, महाराष्ट्र में 50.4 मेगावाट का पवन विद्युत संयंत्र वित्तवर्ष 2016-17 में चालू हुआ। कुल प्रचालित पवन विद्युत संयंत्र 198.4 मेगावाट के हैं।



कंपनी ने भुवनेश्वर में अपने निगम कार्यालय, टाउनशिप, अनुसन्धान केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र में छत पर उपलब्ध स्थान का उपयोग करके 310 किलोवाट-पिक क्षमता के सौर विद्युत संयंत्र स्थापित किए हैं।


## बन्दरगाह एवं रेल सुविधाएँ

बंगाल की खाड़ी में, विशाखापत्तनम बन्दरगाह के आन्तरिक पत्तन पर, नालको ने एल्यूमिनियम के निर्यात और कस्टिक सोडा के आयात के लिए यांत्रिक भण्डारण और जहाज में लदान के लिए सुविधाएँ स्थापित की हैं। यह बन्दरगाह एल्यूमिनियम धातु के निर्यात के लिए और सामान्य के साथ साथ परियोजना माल के आयात के लिए भी उपयोग किया जाता है।



एल्यूमिनियम के निर्यात के लिए नालको कोलकाता और पारादीप में स्थित बंदरगाह का भी उपयोग करता है। साथ ही, तैयार माल और कच्चे माल के परिवहन के लिए नालको अपने निजी रेल-इंजिन और माल वाहक बोगियों  का संचालन करता है।

# नई निगम योजना




कंपनी की एक नई कॉर्पोरेट योजना नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकसित की गई है, जिसमें स्वदेशी एवं वैश्विक दोनों स्तर के खनन, धातु एवं ऊर्जा के क्षेत्र में सामरिक उपस्थिति सहित एल्यूमीनियम मूल्य श्रृंखला में एक प्रीमियर तथा एकीकृत कंपनी बनने की दिशा में सुपरिभाषित 3 वर्षीय कार्य योजना, 7 वर्षीय सामरिक और 15 वर्षीय परिकल्पना सहित कंपनी की प्रगतिशील विकास की संकल्पना सम्मिलित है।

# उत्पाद



लंदन धातु बाजार के साथ पंजीकृत, नालको के उत्पाद अपनी गुणवत्ता, विश्वसनीयता और उच्च मान की ग्राहक सेवा के द्वारा जहाजी लदान सुविधाओं के कारण विश्वव्यापी प्रसिद्धि और साख धारण किए हुए हैं। नालको विश्व में सर्वाधिक आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के उत्पादन एककों वाली कंपनियों में से एक है और इसके उत्पाद 20 से अधिक देशों में बिक्री होते हैं।


**एल्यूमिना**

- निस्तप्त एल्यूमिना
- एल्यूमिना हाइड्रेट
- विशिष्ट एल्यूमिना एवं हाइड्रेट्स

**एल्यूमिनियम धातु**

(सीजी, ईसी और एल.एम.ई. ग्रेड)

- **मानक पिण्ड** (प्रत्येक लगभग 20/18.5/22.5 किलोग्राम)
- **शिलिका पिण्ड** (प्रत्येक अधिकतम 750 किलोग्राम)
- **टी-पिण्ड** (प्रत्येक अधिकतम 650 किग्रा)
- **तार छड़ें** (कुंडली रूप में, 9.5/11.95 मि.मी. व्यास, वजन लगभग 2 मे.ट.)
- **लट्ठे (छह आकारों में**: 127 ± 1.5 मि.मी., 152 ± 1.5 मिमी,178 ± 1.5 मिमी, 203 ± 1.5 मिमी, 229 ± 1.5 मिमी, 254 ± 1.5 मिमी व्यास)
- **समतल वेल्लित उत्पाद** (कुंडलियाँ एवं चद्दरें)
- **चारखानेदार चद्दर** (मोटाई: 0.30 मि.मी. से 3.0 मि.मी.)






**आगामी उत्पाद**

फैन ब्लेड स्टॉक
फॉयल स्टॉक

# राष्ट्र निर्माण में नालको

नालको और इसकी सीएसआर शाखा, नालको फाउंडेशन, निम्नलिखित क्षेत्रों में सक्रिय रुप से काम कर रहे हैं :

1. सोलर लाइट लगवाना। 2. खुले में शौच मुक्त




परियोजना। 3. स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत शौचालयों का आवर्धन। 4. प्रधान मंत्री के प्रतिष्ठित तीर्थ परियोजना के तहत प्रतिष्ठित तीर्थ पुरी का निर्माण। 5. एकीकृत स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली। 6. एल.वी. प्रसाद नेत्र संस्थान के साथ माध्यमिक से उच्चतर स्तर के नेत्र देखभाल अस्पताल। 7. कौशल विकास।

### नालको की लाडली

कंपनी ने भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवार की मेधावी छात्राओं को बढ़ावा देने के लिए नालको



लाडली कार्यक्रम की शुरुआत की है। एक कदम आगे बढ़ते हुए नालको ने एक अभिनव "कर्मचारी सामाजिक उत्तरदायित्व" कार्यक्रम शुरु किया है, जिसमें कंपनी के कर्मचारी गरीब बालिकाओं की शिक्षा में योगदान दे रहे हैं और उनकी मदद कर रहे हैं।

### स्वच्छ भारत अभियान

सरकार के स्वच्छ विद्यालय अभियान में एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में भागीदार होने के



नाते नालको ने ओड़िशा और आंध्र प्रदेश में 479 शौचालयों का निर्माण करवाया है। नालको ने अब दामनजोड़ी और अनुगुल के दूरस्थ ग्रामों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने की परियोजना शुरु की है।

### शिक्षा

नालको फाउंडेशन कोरापुट के आदिवासी जिले के बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा देने के लिए काम कर रहा है। इसकी प्रमुख परियोजनाओं में से एक है कोरापुट जिले में दामनजोड़ी क्षेत्र के आस-पास के गांवों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित आवासीय संस्थानों के साथ सहयोग करना। कंपनी ने अब तक आस-पास के 18 गांवों के 920 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की है। इन बच्चों की स्कूली पढ़ाई पूरी होने तक इनके अध्ययन, रहने और भोजन व्यवस्था से संबंधित कुल खर्च नालको फाउंडेशन द्वारा वहन किया जा रहा है।

### एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं

नालको ने कंपनी-संचालित 50-बिस्तर वाले दो विशेष अस्पताल स्थापित किए हैं, जो दामनजोड़ी और अनुगुल में स्थित हैं। इसके अलावा, नालको फाउंडेशन आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए आठ मोबाइल स्वास्थ्य इकाईयां और दो ओपीडी चलाता है, जो हर दिन मुफ्त दवा और उपचार प्रदान करते है। हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। हाल ही में, कंपनी ने अनुगुल में स्थित एल.वी.प्रसाद आई इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर एक आधुनिक नेत्र अस्पताल का उद्‌घाटन किया है।

### स्वच्छ प्रतिष्ठित तीर्थ

प्रधान मंत्री की स्वच्छ भारत अभियान और प्रतिष्ठित तीर्थ विकास कार्यक्रम के तहत, कंपनी ने पवित्र



नगरी पुरी के व्यापक विकास के लिए 25 परियोजनाएं शुरु की हैं।

## पर्यावरण

- उत्पादन के सभी यूनिट्स पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली आईएसओ- 14001 मानदंडों का अनुपालन करते हैं ।
- 10 मिलियन से अधिक पेड़ लगाए गए।
- प्रदूषण नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी।
- प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग।
- अनुगुल में फ्लोराइड संदूषण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण खोज नैनो-आधारित एमरियन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले डी-फ्लोरिडाइजेशन संयंत्र।

# नालको कार्य और कार्यालय

### पंजीकृत एवं निगम कार्यालय

नालको भवन, पी/1, नयापल्ली
भुवनेश्वर-751013, ओड़िशा, भारत
फोन : 0674-2301988 से 2301999
फैक्स: 0674-2300550 / 2300470 / 2300521 / 2300640
वेबसाइट : www.nalcoindia.com

### खान और परिशोधन

खान और परिशोधन संकुल
दामनजोड़ी-763008, जिला : कोरापुट (ओड़िशा)
फोन : 06853-254515 / 254550 / 254251
फैक्स : 06853-254361 / 254214

### ग्रहीत विद्युत संयंत्र

जिला : अनुगुल (ओड़िशा), पिन - 759122
फोन : 06764-220158
फैक्स : 06764-220646

### प्रद्रावक संयंत्र

नालको नगर-759145
जिला : अनुगुल (ओड़िशा),
फोन : 06764-220110
फैक्स : 06764-220738 / 220206

### पत्तन सुविधाएं

बंदरगाह क्षेत्र,
विशाखापट्टनम-530035
फोन : 0891-2878207 / 2878219
फैक्स : 0891-2561506
ई-मेल : gmport@nalcoindia.co.in

### पारादीप (बंदरगाह कार्यालय)

वी पॉइंट, बड़पड़िया, पारादीप-754142
फोन : 06722-221286
फैक्स : 06722-221286
ई-मेल : nalco_paradeep@nalcoindia.co.in

### क्षेत्रीय कार्यालय

### पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता)

पहली मंजिल, जे.के.मिलेनियम सेंटर,
46-डी, चौरंगी रोड
कोलकाता-700071
फोन : 033-66224510-34
फैक्स : 033 : 22878936 / 22810393
ई-मेल : rmeast@nalcoindia.co.in

### पश्चिमी क्षेत्र (मुंबई)

215, टी.वी.इंडस्ट्रियल एस्टेट,
एस के अहिरे मार्ग, वर्ली, मुंबई-400030
फोन : 022-24939288 / 89
फैक्स : 022-24950500
ई-मेल : bbsinghbabu@nalcoindia.co.in

### उत्तरी क्षेत्र (नयी दिल्ली)

कोर-4, 5वीं मंजिल, साउथ टॉवर,
जिला केंद्र, स्कोप मीनार,
लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092
फोन : 011-22010793 / 794 / 801
ई-मेल : pradyumna.pradhan@nalcoindia.co.in

### दक्षिण क्षेत्र (चेन्नई)

3ई, सेंचुरी प्लाजा, 560 अन्ना सलाई,
तेयनमपेट, चेन्नई-600018
फोन : 044-24349157 / 24344162
फैक्स : 044-24343495
ई-मेल : rmsouth@nalcoindia.co.in

### शाखा कार्यालय बेंगलुरु

निचली मंजिल, जल भवन, नंबर.5 और 6,
पहला स्टेज, पहला फेज, बीटीएम लेआउट,
बन्नेरघट्टा मेन रोड, बेंगलुरु-560029
फोन : 080-26637083 / 26637297 / 26637084
फैक्स : 080-26530148
ई-मेल : nalblr@nalcoindia.co.in

## सहयोग और सहभागिता के माध्यम से
## खुशियों की ..... रोशनी बिखेरना



**नालको NALCO**

नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड

**एक नवरत्न कम्पनी**

**निगमित कार्यालय :**

नालको भवन, पी/1, नयापल्ली भुवनेश्वर-751013, ओड़िशा, भारत

www.nalcoindia.com

CIN: L27203OR1981GOI000920

हमसे जुड़े: @NALCO_india @CMDNalco www.fb.com/nalcoindia www.nalcoindia.com